# सरकारी हाईस्कूल (RMSA) तोरलक्की, मालूर तालूक कोलार जिला

## 9वीं कक्षा की संकलनात्मक परीक्षा–01 की प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – 2025–26

**समय:3 घंटे** **विषय :तृतीय भाषा हिंदी (61H)** **गरिष्टतम अंक:80**

***I निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए है, उनमें से सर्वाधिक विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए –*** *8X1=8*

1. निम्नलिखित में से बहुवचन है –
   A) किताब B) चिडिया C) बीमारी D) आँखे
2. " ज़ान " शब्द का विलोम रूप है –
   A) बुद्धि B) अज़ान C) विज़ान D) अस्वस्थ
3. " पिता " शब्द का स्त्री लिंग रूप है –
   A) बाप B) पुत्र C) माता D) नारी
4. " उठना " शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –
   A) उठाना B) उठवाना C) उठना D) बैठना
5. " महेंद्र " शब्द में संधि है –
   A) दीर्घ B) गुण C) वृद्धि D) अयादि
6. " पेड " शब्द का समानार्थक रूप है –
   A) दुःख B) खुशी C) संतोष D) वृक्ष
7. मौसी ____ आँखों में आँसू छलक उठे । रिक्त स्थान में सही कारक होगा–
   A) पर B) से C) की D) के
8. बच्चे किसकी खोज में घूम रहे है ? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिहन है –
   A) पूर्ण B) अर्ध C) अल्प D) प्रश्नवाचक

***II निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबधित शब्द लिखिए–*** *4X1=4*

9. विवेकानंद : नरेंद्र : : सिस्टर निवेदिता : ______________
10. चेरापूँजी से आया हूँ : यात्रा वृत्तांत : : मौसी : _______
11. सहदेव : माद्री का बेटा : : भीम : _________
12. चलती बस में : चढो नहीं तुम : : सडक पर जाकर : ______

***III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए –*** *4X1=4*

13. बकासुर कहाँ रहता था ?
14. बाबूभाई ने मुफ्त में नारियल किससे माँगा ?
15. हेलमेट के बिना कौन चलते है ?
16. जीव जगत में मित्र कौन है ?

***IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए –*** ***8 X2=16***

17. गुलाब सिंह के घर में झंडा कैसे बना ?
18. विवेकानंद की रुची किन–किन विषयों में थी ?
19. 'माड़ती बाज़ार' के बारे में लिखिए।
20. बाबूभाई ने किन–किन से मदद माँगी ?
21. दुर्घटना से बचने के उपाय बताइए।
22. पर्यावरण का महत्व बताइए।
23. कल्पना चावला को अंतरिक्ष परी क्यों कहते है ?

या

कल्पना चावला की शिक्षा के बारे में आप क्या जानते है ?

24. दर्शक ओलिंपिक खेलों के दौरान को क्यों मंत्र मुग्ध होकर देखते रहे ?

या

ओलिंपिक खेलों के दिन निर्णायकों ने सबको स्वर्ण पदक क्यों दिए ?

***V निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए –*** ***9 X3=27***

25. भाई को बहन कैसे विदा करती है ?
26. नरेंद्र की पढ़ाई के बारे में लिखिए।
27. चेरापूँजी की विशेषताओं के बारे में लिखिए।
28. बकासुर क्या काम करता था और उसके बदले में वह क्या लेता था ?
29. पेड पर चढते–चढते बाबू भाई ने क्या सोचा
30. चौहारों पर दिए–गए संकेतों को विस्तार से बताइए।
31. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या–क्या करना चाहिए ?
32. **पद्य का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए –**

तेरी लाल दिशा में ही माँ
चंद्र–सूर्य चिरकाल रहें,
तेरे पावन आँगन में
अंधकार हटे और ज़ान मिले,
मिलजुल कर ही हम सब गाएँ
तेरे यश की गाथा,

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेज़ी में कीजिए –**

एक दिन बाबू भाई को नारियल खाने का मन हुआ। उसके बारे में सोचते ही बाबू भाई ने अपने होठों को चटकारा, "वह क्या मीठा–मीठा सा स्वाद होगा।"

***VI निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच – छः वाक्यों में लिखिए –*** ***2X4=8***

34. मौसी के निस्वार्थ सेवा मनोभाव का वर्णन कीजिए।

या

मौसी के खुशी जीवन का वर्णन कीजिए।

*35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए –*

जय–जय ______________

____________________

____________________

____________________

____________ हमको हरा–भरा,

*VII 36. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –* *1X4=4*

हमारे देश की संस्कृति विश्व के सभी संस्कृतियों से प्राचीन है । आज हम पश्चिमी सभ्यता की चकाचोंध में अपनी महान संस्कृति को भूलने जा रहे हैं । भगवान हमें अपनी महान परंपरा और संस्कृति को सुरक्षित रखने की शाक्ति दे । हम यह नहीं कहते हैं कि हम आधुनिक विचारों से दूर रहे । लेकिन इन्हें सूझ–बूज के साथ स्वीकार करना चाहिए । देशवासियों में वैज्ञानिक दृष्टि पैदा की जाए ताकि वे अज्ञानता और अंधिविश्वास के अंधकार से निकालकर देश की प्रगति कर सके । आध्यात्मिक शक्ति के साथ वैज्ञानिक तर्कशक्ति देश को ऊँचाई पर पहुँचा सकती है और इससे देश की अपनी पहचान बन सकती है ।

क) हमारे देश की संस्कृति कैसी है ?
ख) भगवान हमें कैसी शक्ति प्रदान करें ?
ग) देशवासियों में वैज्ञानिक की दृष्टि क्यों पैदा करनी चाहिए ?
घ) देश की पहचान कब बनती है ?

*VIII 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12–15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए –* *1X4=4*

**अ) समाचार पत्र**

* विषय प्रवेश
* विषय विस्तार
* समाचार पत्रों से उपयोग
* उपसंहार

**आ) पर्यावरण**

* विषय प्रवेश
* विषय विस्तार
* पर्यावरण की आवश्यकता
* उपसंहार

**इ) मेरा भारत महान**

* विषय प्रवेश
* प्रगति की पथ में भारत
* भारत को और सदृढ बनाने के उपाय
* उपसंहार

*IX निम्न लिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए –* *1X5=5*

*38.* कोई सकारण देते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

या

परीक्षा तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।